लुहारी में बनेगा 10 मेगावॉट का सोलर प्लांट

40 एकड़ जमीन पर एक करोड़ की होगी लागत

जनसंसार संवाददाता
सिलवासा, 30 मई

प्रदेश में जल्द ही 10 मेगावॉट ऊर्जा प्राप्त करने के लिये सोलर प्लांट लगाया जायेगा। इसके लिये लुहारी में 40 एकड़ जमीन आवंटित की जा चुकी है। हलांकि लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार सहिता के कारण कार्य की प्रगति में देरी हुई है। 10 मेगावॉट की बिजली प्रदेश में ही बनने से यहां की औद्योगिक इकाईयों को सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। प्रशासक प्रफुल पटेल द्वारा सोलर प्लांट जल्द बने इसके लिये कार्यवाही आरंभ की गई थी। इससे पहले वेलुगांव में एक सोलर प्लांट कार्यरत है जिसकी क्षमता 3 मेगावॉट की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले दौरे में इस सोलर प्लांट का शुभारंभ किया था। लुहारी में बनने वाला सोलर प्लांट प्रदेश में पहला 10 मेगावॉट का प्लांट होगा। इसके बनने के बाद प्रदेश में इस तरह के और भी प्लांट लगने के लिये रास्ता खुलेगा। लुहारी में सोलर प्लांट बिजली विभाग द्वारा बनाया जायेगा जिसकी लागत करीब एक करोड़ रुपये आने की संभावना है। विभाग से इस संबंध में संपर्क किये जाने पर बताया गया कि अभी इसका काम रुका हुआ है। कारण बताया गया है कि चुनाव के चलते प्रदेश में लगी आचार संहिता के कारण कार्य में विलंब हुआ है।